केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
( शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन )
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation under the Ministry of Education, Govt. of India)

**सीबीएसई/मीडिया व जन-संपर्क/परामर्श/2025** **दिनांक: 07.08.2025**

**सीबीएसई से संबद्ध विद्यालयों/संस्थानों के**
**सभी प्रधानाचार्य/विद्यालय प्रमुख**

**विषय: सीबीएसई कैरियर मार्गदर्शन डैशबोर्ड एवं काउंसलिंग हब एंड स्पोक स्कूल मॉडल-सत्र 2025–26**

**महोदय/महोदया,**
**सीबीएसई की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं!**
दिनांक 07.08.2025 को सीबीएसई ने दो प्रमुख पहल शुरू की हैं जिनका उद्देश्य कैरियर मार्गदर्शन के संस्थागत ढांचे को सुदृढ़ करना एवं विद्यार्थियों के समग्र मनो-सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देना है:

1. **सीबीएसई कैरियर मार्गदर्शन डैशबोर्ड**
2. **सीबीएसई काउंसलिंग हब एंड स्पोक स्कूल मॉडल (सत्र 2025–26)**

**सीबीएसई कैरियर मार्गदर्शन डैशबोर्ड** अब **https://cbsecareerguidance.in/** पर लाइव हो चुका है। यह डैशबोर्ड विद्यार्थियों के लिए करियर संभावनाओं को तलाशने और जानकारीयुक्त निर्णय लेने में सहायता करने हेतु विभिन्न साधन और संसाधनों का समृद्ध स्रोत है।

साथ ही, **सीबीएसई काउंसलिंग हब एंड स्पोक स्कूल मॉडल (प्रति संलग्न)** मानसिक स्वास्थ्य समर्थन तंत्र को सुदृढ़ करने के लिए सीबीएसई मेंटर हब स्कूलों एवं स्पोक स्कूलों का एक सहयोगात्मक नेटवर्क स्थापित करता है। यह मॉडल विद्यार्थियों की स्वस्थता/कल्याण की दिशा में सहपाठी अधिगम, क्षमता निर्माण, एवं श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों के आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करता है।

नई शिक्षा नीति 2020 के संदृश्य से प्रेरित, इन पहलों का उद्देश्य कैरियर मार्गदर्शन एवं मनो-सामाजिक सहयोग की गुणवत्ता और उपलब्धता को बढ़ाना है। साथ ही, ये प्रयास शिक्षकों, परामर्शदाताओं एवं वेलनेस शिक्षकों में संस्थागत क्षमताओं के निर्माण पर केंद्रित हैं।

अतः, सभी विद्यालयों से अनुरोध है कि वे **सीबीएसई काउंसलिंग हब एंड स्पोक स्कूल मॉडल** को सक्रिय रूप से लागू करें तथा कैरियर मार्गदर्शन संसाधनों का उपयोग करके सतत मार्गदर्शन एवं भावनात्मक समर्थन के माध्यम से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करें और उन्हें भविष्य के लिए तैयार करने में योगदान दें।

सादर,

हस्ता/-

(हिमांशु गुप्ता)
सचिव

**संलग्न: सीबीएसई काउंसलिंग हब एंड स्पोक स्कूल मॉडल (2025–26)**